# मेरे खाटू वाले के जैसा नहीं होगा कोई दिलदार लिरिक्स

खोल खजाने बैठा रे बाबा,
लुटा रहा भंडार,
मेरे खाटू वाले के जैसा,
नहीं होगा कोई दिलदार।bd।

---

ये सुनता है सबके दिल की,
बिगड़ी सबकी ये बनाता है,
ये कब किसको क्या दे देगा,
ये कोई समझ ना पाता है,
श्याम धनी मेरा देव है सच्चा,
सच्ची ये सरकार,
मेरे खाटु वाले के जैसा,
नहीं होगा कोई दिलदार।bd।

---

ये देखता सबको एक नज़र,
नहीं भेद भाव ये करता है,
है भाव का भूखा श्याम मेरा,
दामन खुशियों से भरता है,
जोड़ता दिल से दिल का नाता,
बांटे सबको प्यार,
मेरे खाटु वाले के जैसा,
नहीं होगा कोई दिलदार।bd।

---

है आज दीवाना जग इसका,
चर्चा उसकी दातारी का,
कलयुग में डंका बाज रहा,
मेरे कलयुग के अवतारी का,
‘कुंदन’ शरण जो इसकी आया,
कर देता उद्धार,
मेरे खाटु वाले के जैसा,
नहीं होगा कोई दिलदार।bd।

---

खोल खजाने बैठा रे बाबा,
लुटा रहा भंडार,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मेरे खाटू वाले के जैसा,
नहीं होगा कोई दिलदार।bd।

Singer – Ginny Kaur

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com